जय राधे राधे बोल

जय राधे राधे बोल, तेरा क्या लगेगा मोल,
बोल राधे राधे, जय राधे राधे ।

राधे के नाम से खुश हों बिहारी ।
आगे पीछे आगे पीछे डोले बिहारी ।
राधे नाम के सहारे जिंदगानी को टटोल,
जय राधे राधे, जय राधे राधे ॥

रस की रसीली राधे, रंग की रंगीली राधे ।
छब की छबीली राधे, हठ की हठीली राधे ।
राधे नाम के सहारे जिंदगानी को टटोल,
जय राधे राधे, जय राधे राधे ॥

लेलो रे सहारा श्री राधे जू के नाम का ।
राधे बिना जीवन है किस काम का ।
बन जा पागल उसका, तेरा सारे जगत में बाजे ढोल,
जय राधे राधे, जय राधे राधे ॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/308/title/jai-radhe-radhe-bol-tera-kya-lagega-mol

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |